Roll No | | | | | |

# SAHODAYA PRE- BOARD EXAMINATION (2021-22)

**कक्षा - दसवीं**

**विषय -हिंदी 'ब'**

**कोड - 085**

**समय - 2 घंटे** **पूर्णांक - 40**

सामान्य निर्देश :-

- इस प्रश्न पत्र में कुल 2 खंड हैं - खंड 'क' और 'ख' ।
- खंड 'क' में कुल 3 प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- खंड 'ख' में कुल 5 प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए
- कुल प्रश्नों की संख्या 8 है ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यान पूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर दीजिए ।

## खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए ।

(2x2=4 अंक)

(क) 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कवि ने किस काफ़िले को आगे बढ़ाते रहने की बात कही है ?

(ख) कवि को पावस ऋतु में प्रकृति में कौन - कौन से परिवर्तन दिखाई पड़ते हैं? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) किन बातों से स्पष्ट होता है कि वज़ीर अली एक जाँबाज़ एवं नीति कुशल सिपाही था 'कारतूस' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए।

(4x1=4 अंक)

(क) वर्तमान समय में संसार में बढ़ती हिंसा एवं स्वार्थ की प्रवृत्ति समाज में अपराध वृद्धि के प्रमुख कारणों में से एक है । प्रत्येक मनुष्य के अंदर दया और परोपकार आदि मानवीय गुणों को भरकर एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज का निर्माण करने के साथ - साथ वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है ।

उपर्युक्त विचार के आलोक में 'मनुष्यता' कविता में वर्णित मानवीय गुणों के महत्त्व को अपने शब्दों में लिखिए ।

(ख) मनुष्य के लिए वर्तमान में जीना ही श्रेयस्कर है क्योंकि भूत और भविष्य दोनों ही निरर्थक हैं । अतीत से सीख लेकर भविष्य के सुनहरे सपनों को वर्तमान के माध्यम से साकार किया जा सकता है ।

'झेन की देन' पाठ के आधार पर वर्तमान की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

प्रश्न 3. पूरक पाठ्यपुस्तक संचयन के तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3x2=6 अंक)

(क) हरिहर काका बिलकुल अनपढ़ व्यक्ति हैं, फिर भी इस बदलाव को उन्होंने समझ लिया और यह निश्चय किया कि जीते जी किसी के नाम ज़मीन नहीं लिखेंगे । अपने भाइयों को समझा दिया, मर जाऊँगा तो अपने आप मेरी ज़मीन तो तुम्हें मिल जाएगी । ज़मीन लेकर तो जाऊँगा नहीं इसलिए लिखवाने की क्या ज़रूरत ?

अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ रखते हैं - पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) शिक्षक का व्यवहार एवं विद्यालयी परिवेश किसी भी छात्र के सीखने की गति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करते हैं । 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ग) टोपी और दादी में एक ऐसा ही संबंध हो चुका था । इफ़्फ़न के दादा जीवित होते तो वह भी इस संबंध को उसी तरह न समझ पाते जैसे टोपी के घर वाले न समझ पाए थे । दोनों अलग - अलग अधूरे थे ?

टोपी और इफ़्फ़न की दादी अलग-अलग मज़हब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

## खंड - ख (लेखन)

प्रश्न-4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (6 अंक)

(क) **संयुक्त परिवार-- आज की आवश्यकता**

संकेत बिंदु:

• युवा पीढ़ी को रिश्तों का ज्ञान
• मिलजुल कर रहने की भावना
• बुजुर्गों की उपस्थिति की महत्ता

(ख) **लोकतंत्र और चुनाव**

संकेत बिंदु:

• लोकतंत्र का तात्पर्य
• चुनाव का महत्त्व
• सही प्रतिनिधि के चुनाव की आवश्यकता

(ग) **ऑनलाइन शिक्षा का बढ़ता प्रचलन**

संकेत बिंदु:

• ऑनलाइन शिक्षा का अर्थ
• विद्यार्थियों के लिए कितनी उपयोगी

• ऑनलाइन शिक्षा के लाभ व हानि

प्रश्न -5 आप नोएडा सेक्टर - 12 के निवासी समीर / साक्षी हैं । आपके क्षेत्र में फैली गन्दगी की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए अपने स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।

(5 अंक)

**अथवा**

आप आर्यन / अनन्या हैं बाज़ार से घर आते समय आपके पिता जी का ए०टी०एम० कार्ड खो गया है। इसकी सूचना देते हुए संबंधित बैंक के प्रबंधक को प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें नया ए०टी०एम० कार्ड प्रदान करने का अनुरोध किया गया हो।

प्रश्न -6 (क) आप कालोनी विकास समिति के सचिव हैं। आपकी कालोनी आदर्श नगर में कोरोना महामारी से सुरक्षा हेतु 15 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को नि:शुल्क टीका लगवाने का निर्णय लिया गया है। अपनी कालोनी के निवासियों को इसकी सूचना देते हुए **लगभग 50 शब्दों में** एक सूचना तैयार कीजिए। (2.5 अंक)

**अथवा**

कोरोना महामारी के कम होने के बाद विद्यालय फिर से खुलने जा रहे हैं | इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य की तरफ से **लगभग 50 शब्दों में** एक सूचना तैयार कीजिए।

(ख) आपके विद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। इससे विद्यालय के समय में परिवर्तन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य की तरफ से **लगभग 50 शब्दों में** एक सूचना तैयार कीजिए। (2.5 अंक)

**अथवा**

आप दसवीं 'अ' के छात्र सुगंध/सुगंधा हैं। आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा था। इस अवसर पर आपकी घड़ी खो गई। घड़ी के - रंग, डायल आदि का उल्लेख करते हुए **लगभग 50 शब्दों में** एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न -7 (क) आपका मित्र फूलों से बनी वस्तुओं - गुलदस्ते, हार, मालाएँ, बुके आदि की बिक्री बढ़ाना चाहता है। उसकी मदद के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञान तैयार कीजिए। (2.5 अंक)

**अथवा**

फ़ास्ट फ़ूड स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है । जन सामान्य को इसके प्रति जागरुक करने हेतु लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ख) आप एक योग प्रशिक्षण केंद्र खोलना चाहते हैं। इस संबंध में युवाओं को आकर्षित करने वाला लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (2.5 अंक)

**अथवा**

यातायात के नियमों का पालन करने हेतु सड़क एवं परिवहन विभाग की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न - 8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए ।

(5 अंक)

- लालच बुरी बला है

**अथवा**

- मेहनत का फल